Title: Need to supply adequate electricity in rural areas in the country particularly in Haryana - Laid.

डॉ0 सुशील कुमार इन्दौरा (सिरसा): अध्यक्ष महोदय, बिजली देश के विकास के लिए एक परम आवश्यक साधन है, देश का विकास चाहिए तो आ वश्यकतानुसार बिजली की उपलब्धता अनिवार्य है। किंतु, खेद है कि देश में बिजली की उपलब्धता में भारी किल्लत है, सामान्यतः बिजली की कमी है। ग्रामीण अंचलों में तो यह कमी ही नहीं बल्कि इसकी उपलब्धता बहुत ही कम है। एक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार देश के ग्रामीण अंचलों के घरों में बिजली कनैक्शन राट्रीय स्तर पर औसतन केवल 30 प्रतिशत है। 100 में से 30 घरों में बिजली की उपयोगिता की मौजूदा हालत देश के विकास की सही तस्वीर सामने लाती है। कुछ राज्य तो ऐसे हैं जहां केवल 5 प्रतिशत घरों में ही बिजली का उपयोग हो रहा है। हरियाणा राज्य जो देश के समृद्धि राज्यों में गिना जाता है, वहां भी ग्रामीण घरों में केवल 63 प्र ातिशत घरों में बिजली का उपयोग होता है। अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि बिजली के अभाव की इस स्थिति को तत्काल दूर करने के लिए पहल करे। ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में बिजली के उपयोग हेतु बिजली देने की मौजूदा व्यवस्था के अतिरिक्त व्यवस्था कायम की जाए, जो देश में ग्रामीण अंचलों के रिहायशी क्षेत्रों में बिजली उपयोग बढ़ाने के लिए जवाबदेह हो।